an>

title: Need to open more branches of Nationalized banks in Maharajganj district, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज) ः उ.प्र. का जनपद महाराजगंज मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है। यह जनपद भारत-नेपाल सीमा का क्षेत्र है। यहां के लोग बड़ी संख्या में रोज़गार की दृष्टि से बाहर जाते हैं। नेपाल का बॉर्डर होने के नाते यहाँ बड़ी संख्या में केंद्र तथा राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तैनात हैं। इसके अतिरिक्त यहाँ पर अनेकों लघु उद्योग, दो बड़े उद्योग भी हैं। रेलवे तथा सड़क मार्ग से भी आवागमन होता है। जनपद में वित्तीय लेन-देन के लिए पर्याप्त संख्या में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं न होने से आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों की शाखाएं दूर होने के कारण खाता धारकों को जमा व निकासी के लिए आने-जाने में आपराधिक तत्वों द्वारा लूटपाट की शिकायतें भी आती रहती हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उ.प्र. के जनपद महाराजगंज में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं पर्याप्त संख्या में खोले जाने का आदेश प्रदान करने की कृपा करें।